**Roll No. (अनुक्रमांक संख्या) ........................** **Code (कूट संख्या) 82025-26 HR-(A)**

**विषय – हिंदी (Higher)**

**वार्षिक परीक्षा (2025–26)**

**कक्षा - VIII (आठवीं)**

| कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न–पत्र में कुल 18 प्रश्न हैं तथा 12 पृष्ठ हैं। |
|---|

| समय : 3 घंटे | अधिकतम अंक : 80 |
|---|---|

**सामान्य निर्देश:**

- इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं– खंड 'क' 'ख' 'ग' और 'घ'।
- सभी खंड अनिवार्य हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए ही प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- खंड 'क' में अपठित बोध पर आधारित दो प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए ही प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
- खंड 'ख' में व्यावहारिक व्याकरण पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए ही प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
- खंड 'ग' में पाठ्य–पुस्तक पर आधारित चार प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए ही प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
- खंड 'घ' में रचनात्मक लेखन पर आधारित चार प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
- प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।
- उत्तरपुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न–पत्र में दी गई है।

## खंड– 'क' (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

**जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सकारात्मक सोच सबसे बड़ा आधार है। जब हम कठिनाइयों का सामना करते हैं, तब हमारा धैर्य और विश्वास ही हमें आगे बढ़ने की शक्ति देता है। जो व्यक्ति हर असफलता को सीखने का अवसर मानता है वही अंततः सफलता की ऊँचाइयों को छू पाता है। सफलता का मार्ग कभी सरल नहीं होता लेकिन निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास से हर बाधा को पार किया जा सकता है। यह याद रखना चाहिए कि सफलता का असली अर्थ केवल लक्ष्य प्राप्त करना नहीं है बल्कि उस यात्रा के दौरान स्वयं को बेहतर बनाना भी है। कठिनाइयाँ जीवन का स्वाभाविक हिस्सा हैं परंतु इन्हीं से हमारे व्यक्तित्व का निर्माण होता है। जैसे अंधकार के बिना प्रकाश का**

महत्व नहीं होता, वैसे ही संघर्ष के बिना सफलता का स्वाद अधूरा है। हर चुनौती हमें यह सिखाती है कि हार मान लेना कभी समाधान नहीं है। इतिहास गवाह है कि जिन लोगों ने निरंतर परिश्रम और धैर्य बनाए रखा उन्होंने असंभव लगने वाले कार्यों को भी संभव कर दिखाया। छोटे–छोटे प्रयास ही बड़े परिणामों का आधार बनते हैं। यदि हम प्रतिदिन थोड़ी–थोड़ी प्रगति करने का संकल्प लें तो धीरे–धीरे यही प्रयास हमें महान उपलब्धियों तक पहुँचा देंगे। विश्वास रखें कि ईमानदारी, परिश्रम और सकारात्मक दृष्टिकोण से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। सफलता उसी की होती है, जो सपनों को हकीकत में बदलने का जुनून रखता है।

(i) **सफलता का असली अर्थ क्या है?** (1)

(क) धन प्राप्ति के साथ धैर्य रखना

(ख) दूसरों से आगे निकलकर चुनौती जीतना

(ग) कठिनाइयों से बचकर सुखी जीवन व्यतीत करना

(घ) लक्ष्य–प्राप्ति के साथ स्वयं को बेहतर बनाना

(ii) **गद्यांश के अनुसार कठिनाइयाँ हमें क्या सिखाती हैं?** (1)

(क) हार मान लेना सामाधान नहीं है।

(ख) जीवन में संघर्ष आवश्यक नहीं है।

(ग) धैर्यवान होना अनिवार्य नहीं है।

(घ) हार मानने से भी सफलता मिल सकती है।

(iii) **निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर उचित विकल्प को चुनकर लिखिए** (1)

**कथन** (A) – कठिनाइयाँ जीवन का स्वाभाविक हिस्सा हैं।

**कारण** (R) – संघर्ष के बिना सफलता का स्वाद अधूरा है।

(क) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) सही है तथा कारण (R) गलत है।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) उसकी सही व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं करता।

(iv) **सफलता प्राप्त करने के लिए सकारात्मक सोच क्यों आवश्यक है?** (2)

(v) **गद्यांश के अनुसार छोटे–छोटे प्रयासों का क्या महत्व है?** (2)

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

जल जीवन का मूल आधार है। पृथ्वी पर जितना भी जीवन है, वह जल पर ही निर्भर करता है। जल के बिना न तो कृषि संभव है, न उद्योग और न ही मानव जीवन का अस्तित्व। परंतु यह चिंता का विषय है कि आज तेज़ी से बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिकीकरण और लापरवाह जीवनशैली के कारण जल संकट गहराता जा रहा है। नदियाँ, तालाब और झीलें प्रदूषण का शिकार हो रही हैं, भूजल–स्तर लगातार नीचे गिर रहा है और बरसात का पानी व्यर्थ बहकर समुद्र में चला जाता है। यदि समय रहते जल–संरक्षण के उपाय न किए गए तो आने वाली पीढ़ियाँ गंभीर संकट का सामना करेंगी।

जल–संरक्षण का अर्थ केवल पानी बचाना ही नहीं, बल्कि उसे स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखना भी है। हमें 'वर्षा–जल–संचयन' को अपनाना चाहिए, कुओं और तालाबों का पुनर्जीवन करना चाहिए तथा वृक्षारोपण को बढ़ावा देना चाहिए। दैनिक जीवन में भी जल की बर्बादी रोकना आवश्यक है– जैसे नल खुला न छोड़ना, वाहन धोते समय पाइप के बजाय बाल्टी का प्रयोग करना और बगीचों में पानी देने के लिए छिड़काव पद्धति अपनाना।

सरकारी योजनाओं के साथ–साथ समाज और व्यक्ति का सहयोग भी उतना ही ज़रूरी है। 'जल–संरक्षण' केवल पर्यावरणीय मुद्दा नहीं है, बल्कि यह जीवन और भविष्य की सुरक्षा का प्रश्न है। यदि हम आज सचेत होकर जल–संरक्षण हेतु कदम उठाएँ, तो कल हमारी धरती जल–संकट से बच सकती हैं। सच ही कहा गया है– "जल है तो कल है।"

(i) **वर्तमान समय में जल–संरक्षण की आवश्यकता क्यों है?** (1)

(क) वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए

(ख) जल को स्वच्छ व सुरक्षित बनाने के लिए

(ग) भावी पीढ़ी को जल संकट से बचाने के लिए

(घ) बढ़ते भूजल–स्तर को नीचे गिराने के लिए

(ii) **निरंतर बढ़ते जल संकट का कारण नहीं है–** (1)

(क) जनसंख्या वृद्धि

(ख) औद्योगिकीकरण

(ग) कुएँ तथा तालाब

(घ) लापरवाह मानव

(iii) **निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए–** (1)

**कथन** (A) – नदियाँ, तालाब और झीलें प्रदूषण का शिकार हो रही हैं।

**कारण** (R) – भूजल–स्तर लगातार नीचे गिर रहा है और बरसात का पानी व्यर्थ बहकर समुद्र में चला जाता है।

(क) कथन (A) सही है तथा कारण (R) गलत है।

(ख) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) उसकी सही व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं किन्तु कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं करता।

(iv) **जल को जीवन का मूल आधार क्यों कहा गया है?** (2)

(v) **गद्यांश के अनुसार व्यक्तिगत स्तर पर जल बचाने के कोई दो उपाय लिखिए।** (2)

## खंड– 'ख' (व्यावहारिक व्याकरण)

3. **निर्देशानुसार उत्तर लिखिए–**

**(क) निम्नलिखित शब्दों में अनुस्वार अथवा अनुनासिक का चिह्न उचित स्थान पर लगाइए–** (1)

(i) आनद (ii) कापने

**(ख) निम्नलिखित शब्दों में 'र' के उचित रूप का प्रयोग कीजिए–** (1)

(i) पसाद (ii) स्वण

(ग) 'वि' उपसर्ग में मूल शब्द जोड़कर नया शब्द बनाकर लिखिए। (1)

(घ) 'स्वर्गीय' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय व मूल शब्द अलग करके लिखिए। (1)

4. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए–

(क) 'सूर्य' शब्द के **दो पर्यायवाची शब्द** लिखिए। (1)

(ख) रिक्त स्थान की पूर्ति रेखांकित शब्द के **विलोम शब्द** से कीजिए– (1)

ईश्वर का न <u>आदि</u> है न .................... ।

(ग) निम्नलिखित **वाक्यांश के लिए एक शब्द** लिखिए – (1)

जो कम खाता हो–

5. (क) निम्नलिखित शब्द की संधि कीजिए– (1)

सदा+एव

(ख) 'महोत्सव' शब्द का संधि–विच्छेद कीजिए। (1)

6. (क) नीचे दिए गए विग्रह का समस्तपद बनाकर समास का नाम लिखिए– (1)

रोग से मुक्त

(ख) निम्नलिखित समस्तपद का विग्रह कीजिए और समास का नाम लिखिए– (2)

(i) रातोंरात (ii) त्रिवेणी

7. (क) रचना के आधार पर वाक्य का भेद लिखिए– (1)

बच्चे खीर खाकर सो गए।

(ख) निम्नलिखित वाक्य का अर्थ के आधार पर वाक्य–भेद लिखिए– (1)

आपकी यात्रा मंगलमय हो।

8. (क) जहाँ किसी बात को इतना बढ़ा–चढ़ाकर कहा जाए कि वह लोक–सीमा के बाहर हो, तो वहाँ .................................. अलंकार होता है। **रिक्त स्थान की पूर्ति द्वारा परिभाषा को पूर्ण कीजिए।** (1)

(ख) **निम्नलिखित काव्य–पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम बताइए–** (1)

चरण–कमल बंदौ हरिराई।

9. **निम्नलिखित वाक्य में उपयुक्त स्थान पर उचित विराम–चिह्न लगाइए–** (2)

(i) अहा हलवा खाकर मज़ा आ गया

(ii) कचरा इधर उधर मत फेंको

10. **(क)** पुलिस ने चोर को चोरी करते हुए .......................... लिया। रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे द्वारा कीजिए (1)

**(ख)** 'एड़ी चोटी का ज़ोर लगाना' मुहावरे का वाक्य प्रयोग कीजिए। (1)

## खंड– 'ग' (पाठ्य–पुस्तक)

11. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (1x5=5)

जंगल की संकरी पगडंडियों पर से सेना की टुकड़ी गुज़र रही होती तो जंगलों में छिपे आदिवासी भारतीय सिपाहियों को गुज़र जाने देते और जैसे ही अंग्रेज़ सारजेंट या कमांडर नज़र आते, उन पर अचूक निशाना लगाते। आदिवासियों के विद्रोह से अंग्रेज़ सरकार इतना डरने लगी थी कि सीताराम राजू के दल को आते देखकर थानों से पुलिस भाग जाती थी। सीताराम राजू ने आदिवासियों से कह रखा था कि अंग्रेज़ों से लड़ो पर एक भी भारतीय सैनिक का बाल बाँका न हो पाए। अंग्रेज़ों की सेना में बहुत–से भारतीय सिपाही भी थे। सीताराम राजू के आदेश का सख़्ती से पालन हुआ। वह जब पहाड़ों से कूच करता था तो ऐसा लगता था मानो उसे किसी का भय न हो। आदिवासी लोग ऐसा मानते थे कि सीताराम राजू के चमत्कार से अंग्रेज़ों की गोलियाँ पानी बन जाएँगी। इसी विश्वास से वे गोलियों की परवाह किए बिना पुलिस चौकियों या सेना पर हमला कर देते थे और उनके अस्त्र–शस्त्र लूटकर भाग जाते थे।

(i) **सीताराम राजू ने आदिवासियों को क्या निर्देश दिए थे?**

(क) अंग्रेज़ों को संरक्षण प्रदान करें

(ख) भारतीय सैनिकों को क्षति न पहुँचाएँ

(ग) अंगेज़ सिपाहियों को जंगल से गुज़रने दें

(घ) भारतीय सिपाहियों पर अचूक निशाना लगाएँ

**(ii) सीताराम राजू के दल को देखकर थानों से पुलिस भाग जाती थी; क्योंकि–**

(क) आदिवासी संख्या में अधिक थे

(ख) सीताराम राजू ने समझौता किया था

(ग) पुलिस के पास हथियार नहीं थे

(घ) अंग्रेज़ सरकार उनसे डरती थी

**(iii) आदिवासी लोग मानते थे कि सीताराम राजू के चमत्कार से–**

(क) सैनिक भयभीत होकर भाग जाएँगे

(ख) अंग्रेज़ों की गोलियाँ पानी बन जाएँगी

(ग) जंगल की सुरक्षा सुनिश्चित हो जाएगी

(घ) पहाड़ भय के कारण हिलने लग जाएँगे

**(iv) आदिवासी पुलिस चौकियों या सेना पर हमला क्यों करते थे?**

(क) अंग्रेज़ अधिकारियों को पकड़ने के लिए।

(ख) भारतीय सिपाहियों को मारने के लिए।

(ग) अस्त्र–शस्त्र लूटकर भागने के लिए।

(घ) जंगल मे छिपकर रहने के लिए।

**(v) जब सीताराम राजू पहाड़ों से कूच करता था तो लगता था कि**

(क) उसे किसी का भय नहीं है

(ख) सैनिकों ने उसे घेर लिया है

(ग) वह बहुत अधिक डरा हुआ है

(घ) अंग्रेज़ उसका पीछा कर रहे हैं

12. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(1x5=5)

गरमी की दोपहरी में
तपे हुए नभ के नीचे
काली सड़कें तारकोल की
अंगारे–सी जली पड़ी थीं
छाँह जली थी पेड़ों की भी
पत्ते झुलस गए थे
नंगे–नंगे दीर्घकाय, कंकालों–से वृक्ष खड़े थे
हों अकाल के ज्यों अवतार।
एक अकेला ताँगा था दूरी पर
कोचवान की काली–चाबुक के बल पर वो बढ़ता था
घूम–घूम जो बलखाती थी सर्प सरीखी
बेदर्दी से पड़ती थी दुबले घोड़े की गरम पीठ पर
भाग रहा वह तारकोल की जली
अंगीठी के ऊपर से।

(i) **गर्मी की दोपहरी में आकाश का वर्णन किस प्रकार किया गया है?**

(क) शीतल और नीला

(ख) बादलों से ढका हुआ

(ग) गर्मी से तपता हुआ

(घ) काले बादलों से भरा हुआ

(ii) **पेड़ों की छाँह का क्या हाल बताया गया है?**

(क) झुलसी हुई

(ख) मुरझाई हुई

(ग) जली हुई

(घ) तपी हुई

(iii) **नंगे–नंगे दीर्घकाय वृक्षों की तुलना किससे की गई है?**

(क) अवतार से

(ख) सड़क से

(ग) अंगारों से

(घ) कंकालों से

(iv) **कोचवान की चाबुक की तुलना किससे की गई है?**

(क) हवा से

(ख) साँप से

(ग) बिजली से

(घ) तलवार से

(v) **दुबला घोड़ा किस पर भाग रहा था?**

(क) तारकोल की तपती सड़क पर

(ख) हरे–भरे जंगलों से होकर

(ग) कच्चे हरे–भरे रास्ते पर

(घ) जलती हुई अँगीठी पर

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए–** 2x5=10

(क) यदि दरबारियों के कहे अनुसार दारा के बक्से से बेईमानी से एकत्रित किया धन निकलता तो क्या होता? 'असल धन' पाठ के आधार पर बताइए।

(ख) जीवन की सादगी और विचारों की उच्चता गाँधी जी के जीवन का मूल मंत्र था। 'आश्रम के अतिथि और संस्मरण' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) हेलन केलर का जीवन के प्रति क्या दृष्टिकोण था तथा उसे किस उदाहरण द्वारा स्पष्ट किया गया है? 'जीवन का सच' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(घ) बातचीत की कला में निपुण व्यक्ति जीवन में उन्नति करता है; कैसे? 'बातचीत की कला' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'पौधे के पंख' पाठ में लेखक को दूसरे बच्चों के साथ खेलने व बात करने के लिए मना किया जाता था– इसका लेखक के व्यक्तित्व पर जो प्रभाव पड़ा उसे स्पष्ट कीजिए।

(च) कल्पना चावला ने सिद्ध कर दिखाया कि स्त्रियाँ किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। 'सितारों से आगे' पाठ के आधार पर कथन की पुष्टि कीजिए।

**14. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** (2x3=6)

(क) 'नाश के दुख से कभी, दबता नहीं निर्माण का सुख' – 'निर्माण' कविता की पंक्ति के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

(ख) 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता हमें पक्षियों के प्रति कैसा व्यवहार करने का संदेश देती है? स्पष्ट कीजिए।

(ग) राम और कृष्ण की बाल लीलाओं में से आप किससे अधिक प्रभावित हुए और क्यों? 'सूर और तुलसी के पद' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(घ) बिहारी ने श्री कृष्ण के रूप–सौंदर्य का वर्णन किस प्रकार किया है?

## खंड– 'घ' (रचनात्मक लेखन)

**15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर (80–100 शब्दों में) अनुच्छेद लिखिए–** (5)

**(क) योग और स्वास्थ्य**

* जीवन शैली
* तनाव मुक्ति का स्रोत
* स्वास्थ्य में लाभ

**(ख) साइकिल की सवारी लगती प्यारी**

* साइकिल चलाने का आनंद
* साइकिल चलाने का लाभ
* साइकिल चलाते समय सावधानियाँ

**(ग) स्वदेशी अपनाओ : समृद्धि लाओ**

* स्वदेशी अपनाने के प्रति जागरूकता
* स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा
* स्वदेशी अपनाने से लाभ

16. आप रमन ठाकुर / रजनी ठाकुर हैं। अत्यधिक वर्षा के कारण सड़कों पर जलभराव और गड्ढों के कारण यातायात में हुई असुविधा की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए नगर–निगम के अधिकारी को पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

गणतंत्र दिवस पर आपके मित्र को वीरता पुरस्कार मिला है। इस उपलब्धि पर उसे बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

17. आप मोहल्ला समिति के अध्यक्ष हैं। खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए 'खेल सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में अपने क्षेत्रवासियों को अवगत करवाने हेतु सूचना तैयार कीजिए। (5)

**अथवा**

विद्यार्थियों के चारित्रिक उत्थान के लिए विद्यालय 'नैतिक चेतना मंच' का गठन कर रहा है जिसके लिए योग्य विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। प्रधानाचार्य की ओर से इसके संबंध में विद्यार्थियों के लिए सूचना जारी कीजिए।

18. समाज में लड़कियों की सुरक्षा एक ज्वलंत मुद्दा है। आत्मसुरक्षा की सीख देते हुए एक माँ और बेटी के बीच हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए। (5)

**अथवा**

बड़ों का आदर करने के लिए प्रेरित करते हुए अध्यापक और छात्र के बीच हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए।